## + Prevention & Promotion of Community Mental Health :->

WHO (2001) के report के अनुसार करीब 450 मिलियन लोग मानसिक बीमारी से जुझ रहे हैं। हर 4 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन के किसी भी उम्र में मानसिक बीमारी से ग्रसित होता है।

मानसिक बीमारी न सिर्फ किसी व्यक्ति को संवेगिक रुप से क्षति पहुँचाता हैं बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी समाप्त कर देता हैं। इसके फलस्वरुप अलगाव की भावना (Alienation), कलंक (Stigma) तथा भेदभाव की भावना बढ़ती हैं जो धीरे- धीरे समुदाय तथा समाज को भी प्रभावित करता हैं। मानसिक बीमारी अधिकतर लगातार चलने वाली चिकित्सा, बेरोजगारी, गरीबी, अत्याचार आदि के फलस्वरुप उत्पन्न होता हैं। मानसिक बीमारी से ग्रसित व्यक्ति के परिवार पर इसका बोझ सबसे ज्यादा पड़ता हैं। इसे कम या दूर करने के लिए मानसिक बीमारी की रोकथाम तथा इसके उपचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता हैं।

**Concepts of Prevention :->** मानसिक बीमारी के रोकथाम (prevention) का मुख्य उद्देश्य है मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित तकनीकों (Stratergy) मे बढ़ावा लाना। Prevent का तात्पर्य होता है "बीमारी का निवारण करना" होता है या "किसी चीज को रोकने से होता हैं।" जब मानसिक बीमारी किसी व्यक्ति में नही पाया जाता हैं तभी भी उसके उत्पन्न होने से संबंधित खतरो से व्यक्ति को दूर रखना ही prevention (रोकथाम) कहलाता हैं। लेकिन जब किसी व्यक्ति मे मानसिक बीमारी के लक्षण दिखाई देने लगता है तब भी इसके तीव्रता, अवधि तथा इसके साथ उत्पन्न होने वाले अन्य बीमारीयो की रोकथाम की जा सकती हैं।

Prevention मुख्य रुप से 2 भागो में बाँटा गया है।—

1) Primary Prevention
2) Secondary Prevention.

Scanned by TapScanner

1) Primary Prevention :-> Primary prevention को मुख्यत: तीन भागों में बाँटा गया है। -

a) Universal prevention :-> whole population group पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है, जैसे कि Covid-19.

b) Selective prevention :-> Particular किसी समूह पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है जिसका मानसिक बीमारी से ग्रसित होने की संभावना दूसरे लोगो की तुलना मे ज्यादा होता हैं।

c) Indicated prevention :-> Particular किसी व्यक्ति को जिसका मानसिक रोग से ग्रसित होने की संभावना सर्वाधिक हैं।

2) Secondary Prevention :- Secondary Prevention का तात्पर्य मानसिक बीमारी के प्रसार मे हस्तक्षेप करना, इससे विकलांगता मे कमी तथा Rehabilitation Centres की स्थापना मे वृद्धि होती हैं,

Scanned by TapScanner